प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**1 सितंबर 2026**

# 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन की गतिविधियां

पहली तिमाही अर्थात् अप्रैल-जून 2026-27 के लिए भारत के भुगतान संतुलन (बीओपी) से संबंधित प्रारंभिक आंकड़े, विवरण I और II में प्रस्तुत किए गए हैं।

## 2026-27 की पहली तिमाही में भारत के बीओपी की मुख्य विशेषताएं

- भारत का चालू खाता अधिशेष 2026-27 की पहली तिमाही में 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर (जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) रहा, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में यह 3.4 बिलियन अमरीकी डॉलर (जीडीपी का 0.4 प्रतिशत) था (तालिका 1)।
- 2026-27 की पहली तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 86.1 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो 2025-26 की पहली तिमाही के 68.9 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक था।
- 2026-27 की पहली तिमाही में निवल सेवा प्राप्तियां एक वर्ष पहले के 47.9 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 51.6 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गईं।
- कंप्यूटर सेवाओं, अन्य कारोबारी सेवाओं तथा परिवहन सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवाओं के निर्यात में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर बढ़ोतरी हुई है।
- प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध व्यय, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाती है, 2026-27 की पहली तिमाही में घटकर 10.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में यह 13.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी।
- द्वितीयक आय खाते के अंतर्गत व्यक्तिगत धन अंतरण प्राप्तियाँ, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा किए गए विप्रेषण का प्रतिनिधित्व करती हैं, 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर 42.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में यह 33.2 बिलयन अमेरिकी डॉलर थी।
- वित्तीय खाते में, 2026-27 की पहली तिमाही में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 6.1 बिलयन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया गया, जो 2025-26 की पहली तिमाही के 5.2 बिलयन अमेरिकी डॉलर के अंतर्वाह से अधिक है।
- 2026-27 की पहली तिमाही में विदेशी संविभाग निवेश (एफपीआई) में 9.6 बिलयन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह दर्ज किया गया, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही के 1.6 बिलयन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया गया था।

- अनिवासी जमा (एनआरआई जमा) ने, 2025-26 की पहली तिमाही के 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवल अंतर्वाह की तुलना में, 2026-27 की पहली तिमाही में 2.8 बिलयन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया।
- भारत में बाह्य वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) के तहत निवल अंतर्वाह 2026-27 की पहली तिमाही में 3.3 बिलयन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में यह 4.4 बिलयन अमेरिकी डॉलर था।
- 2026-27 की पहली तिमाही में विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में 8.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर (बीओपी के आधार पर) की कमी आयी, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई थी। (तालिका 1)।

**तालिका 1: भारत के भुगतान संतुलन की प्रमुख मदें**

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)

| | अप्रैल-जून 2025 पीआर | | | अप्रैल-जून 2026 पी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल |
| क. चालू खाता | 256.4 | 259.7 | -3.4 | 294.9 | 299.2 | -4.2 |
| 1. वस्तु | 112.7 | 181.6 | -68.9 | 132.0 | 218.0 | -86.1 |
| जिसमें से: | | | | | | |
| पीओएल | 17.0 | 49.2 | -32.2 | 23.0 | 60.6 | -37.6 |
| 2. सेवाएं | 97.4 | 49.5 | 47.9 | 106.2 | 54.6 | 51.6 |
| 3. प्राथमिक आय | 12.2 | 25.5 | -13.3 | 13.0 | 23.5 | -10.5 |
| 4. द्वितीयक आय | 34.0 | 3.1 | 30.9 | 43.8 | 3.0 | 40.8 |
| ख. पूंजी लेखा और वित्तीय लेखा | 257.0 | 252.3 | 4.7 | 254.6 | 252.1 | 2.6 |
| जिसमें से: | | | | | | |
| 1. प्रत्यक्ष निवेश | 27.8 | 22.6 | 5.2 | 29.7 | 23.6 | 6.1 |
| 2. पोर्टफोलियो निवेश | 146.3 | 144.7 | 1.6 | 134.4 | 144.0 | -9.6 |
| 3. अन्य निवेश | 77.2 | 69.3 | 7.9 | 72.7 | 65.0 | 7.7 |
| जिसमें से: | | | | | | |
| एनआरआई जमाराशियाँ | 23.8 | 20.2 | 3.6 | 24.3 | 21.5 | 2.8 |
| भारत को ईसीबी | 10.8 | 6.4 | 4.4 | 10.2 | 7.0 | 3.3 |
| 4. आरक्षित आस्तियाँ [वृद्धि (-)/कमी (+)] | 0.0 | 4.5 | -4.5 | 8.1 | 0.0 | 8.1 |
| ग. भूल-चूक (-) (क+ख) | 0.0 | 1.4 | -1.4 | 1.6 | 0.0 | 1.6 |

पीआर: आंशिक रूप से संशोधित; और पी: प्रारंभिक।

नोट : पूर्णांकन के कारण उप घटकों का योग कुल योग से भिन्न हो सकता है।

**(ब्रिज राज)**

मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/1015**